ऊर्जा संरक्षण एवं स्वच्छता सप्ताह का शुभारम्भ

कोरबा 14.12.2017– राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के सानिध्य में 14 दिसम्बर से 21 दिसम्बर 2017 तक ऊर्जा संरक्षण एवं स्वच्छता सप्ताह का शुभारम्भ गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में दीप पज्जवलित करके विश्व सद्भावना के सभागार में किया गया। डॉ. के.सी. देबनाथ ने ऊर्जा संरक्षण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज विशेष राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस पर हम सभी को यह संकल्प लेना है कि आने वाली पीढ़ी के लिय ऊर्जा की बचत करना है। अपरम्परागत ऊर्जा श्रोत जैसे कि सोलर, हवा, पानी से प्राप्त होने वाली ऊर्जा का उपयोग अधिक करना है। इस पर वैज्ञानिकों को अधिक ध्यान देना चाहिए। भ्राता योगेश जैन वार्ड पार्षद ने शहर को स्वच्छ बनाने के लिये नगरवासियों से अपील की कि स्वच्छता एपस् के माध्यम से स्वच्छता के लिये नगर पालिक निगम के सहयोगी बनें तथा शहर को स्वच्छ बनाने में अपना योगदान प्रदान करें। आपने संस्था के द्वारा किये जा रहे प्रयासों की सराहना की। भ्राता मनोज जैन अध्यक्ष युवा अग्रवाल समाज कोरबा ने कहा कि स्वच्छ सर्वेच्क्षण 2018 में हमको मिलकर प्रयास करके कोरबा को प्रथम स्थान पर लाना है। ब्रह्माकुमारी रूकमणी बहन ने कहा कि स्वच्छता का प्रयास अपने ही घर आंगन से प्रारम्भ करें तथा अपने परिसर को स्वच्छ रखने का प्रयास बनायें। आपने कहा कि धर्मसत्ता तथा राज्य सत्ता जब मिलकर कार्य करेगें तो निश्चित सफलता मिलेगी। ब्रह्माकुमारी बिन्दु बहन ने मन के विचारों की पवित्रता पर ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि जहां स्वच्छता ह, वहीं ईश्वर का निवास होता है। भ्राता जी.आर.साहू कार्यपालन अभियंता सी.एस.पी.जी.एल कोरबा कहा कि एक पेड़ को बनने में 50से 100 वर्ष लग जाते हैं और कोयला बनने में भी हजारों वर्ष लगते हैं लेकिन जिस तरह से आज इनका दोहन हो रहा है यह एक चिन्ता का विषय है जिस पर हम सभी को ध्यान देना चाहिए। भ्राता शेखरराम ने मंच का संचालन किया तथा उदयनाथ साहू ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यकम के अंत में एक रैली का आयोजन किया गया तथा सभी ने मिलकर सार्वजनिक स्थल सी.एस.ई.चौक परिसर की सफाई की।

मानवता की सेवा में ब्रह्माकुमारी रूकमणी